# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100


क्र. Q-3 / परीक्षा / सेमे. / 2020 दुर्ग, दिनांक 06.08.2020

## / /अधिसूचना/ /

विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा अगस्त–2020 के लिए ऑनलाईन पद्धति से आवेदन जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथियाँ घोषित की जाती है:–

1. **सेमेस्टर पाठ्यक्रम**

| क्र. | कक्षा | नियमित / भूतपूर्व / एटीकेटी |
|---|---|---|
| 01 | एम.ए. / एम.एससी. / एम.कॉम. / एम.एस.डब्ल्यू. / बी.एड. / एम.एड. / एम.लिब. | द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर |
| 02 | बी.बी.ए. | द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर |
| 03 | एलएलबी भाग–01, 02 एवं 03 | द्वितीय सेमेस्टर |
| 04 | डी.सी.ए. / पी.जी.डी.सी.ए. / पीजी डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलोसॉफी | द्वितीय सेमेस्टर |

2. **परीक्षा का प्रारूप (केवल वर्तमान सेमेस्टर परीक्षा 2020 हेतु मान्य)**

| क्र. | सेमेस्टर | परीक्षा पद्धति |
|---|---|---|
| 01 | द्वितीय सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों हेतु | गतवर्ष के प्राप्तांक+आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर |
| 02 | द्वितीय सेमेस्टर के एटीकेटी / भूतपूर्व परीक्षार्थियों हेतु | ऑनलाईन प्रश्नों के माध्यम से निर्धारित तिथि तक हस्तलिखित उत्तर ऑनलाईन / ई–मेल अथवा परीक्षा केन्द्र पर स्पीड पोस्ट करने का विकल्प |
| 03 | अंतिम सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों हेतु | ऑनलाईन प्रश्नों के माध्यम से निर्धारित तिथि तक हस्तलिखित उत्तर ऑनलाईन / ई–मेल अथवा परीक्षा केन्द्र पर स्पीड पोस्ट करने का विकल्प |

3. **ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि–**

| क्र. | आवेदन हेतु विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क सहित जमा करने की तिथि | 07.08.2020 से 17.08.2020 तक |

* **कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्रों पर जमा करना अनिवार्य नहीं है, परिस्थितियां सामान्य होने पर उनसे परीक्षा आवेदन महाविद्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया जायेगा, अतः परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन की प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।**

क्रमशः–02......


- कोरोना वायरस (COVID-19) से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।
- कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएं।

**4. परीक्षा शुल्क :–**

विश्वविद्यालयीन कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 04.08.2020 में लिए गये निर्णयानुसार द्वितीय सेमेस्टर **(केवल वर्तमान सेमेस्टर परीक्षा अगस्त–सितम्बर 2020 हेतु)** के नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है, यह कटौती केवल द्वितीय सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के लिए की गई है, अर्थात द्वितीय सेमेस्टर के एटीकेटी/भूतपूर्व एवं अंतिम सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों को संपूर्ण परीक्षा शुल्क देय होगा। परीक्षार्थियों से ली जाने वाली परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | कक्षा/परीक्षा का नाम | द्वितीय सेमेस्टर नियमित (₹) | द्वितीय सेमेस्टर एटीकेटी/भूतपूर्व एवं अंतिम सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों हेतु शुल्क | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित (₹) | भूतपूर्व (₹) | एटीकेटी (₹) |
| 1 | बी.पी.एड./प्रति सेमेस्टर | 595 | 1190 | 1190 | 765 |
| 2 | एम.ए./एम.एससी./एम. कॉम./एम.ए.–एम.एससी.हो.सा. (प्रति. सेमे.) | 540 | 1075 | 1075 | 650 |
| 3 | एम.ए./एम.एससी./एम. कॉम. (प्रोजेक्ट/लघुशोध प्रबंध) विषय–रू. 240/– अतिरिक्त शुल्क के साथ | 660 | 1315 | 1315 | – |
| 4 | मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस. डब्ल्यू.) (प्रति सेमे) | 615 | 1230 | 1230 | 805 |
| 5 | मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस. डब्ल्यू.) (प्रोजेक्ट/लघुशोध प्रबंध) रू. 240/– अतिरिक्त शुल्क के साथ | 735 | 1470 | 1470 | – |
| 6 | एम.लिब. आई एससी.(प्रति सेमेस्टर) | 620 | 1235 | 1235 | – |
| 7 | एम.लिब. आई एससी. (प्रोजेक्ट/लघुशोध प्रबंध के साथ) प्रति सेमेस्टर | 800 | 1595 | 1595 | – |
| 8 | एम.एससी. कम्प्यूटर साइंस – प्रति सेमेस्टर | 790 | 1580 | 1580 | 650 |
| 9 | एम.एससी. कम्प्यूटर साइंस (थीसिस/प्रोजेक्ट/लघुशोध प्रबंध के साथ) प्रति सेमेस्टर | 910 | 1820 | 1820 | – |
| 10 | बी.एड. प्रति सेमेस्टर | 1190 | 1190 | 1190 | 765 |
| 11 | एम.एड. (प्रति सेमेस्टर) | 1535 | 1535 | 1535 | 1110 |
| 12 | एम.एड. (थीसिस/प्रोजेक्ट/लघुशोध प्रबंध के साथ) प्रति सेमेस्टर | 1895 | 1895 | 1895 | – |
| 13 | पीजी डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलोसॉफी | 1230 | 1230 | 1230 | – |
| 14 | पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन/डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन –प्रत्येक सेमेस्टर | 1440 | 1440 | 1440 | – |

| क्र. | कक्षा/परीक्षा का नाम | द्वितीय सेमेस्टर नियमित (₹) | चतुर्थ सेमेस्टर नियमित (₹) | द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर के एटीकेटी/भूतपूर्व एवं अंतिम सेमेस्टर के समस्त परीक्षार्थियों हेतु शुल्क | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नियमित (₹) | भूतपूर्व (₹) | एटीकेटी (₹) |
| **01** | एल.एल.बी. – प्रति सेमेस्टर | 585 | 585 | 1170 | 1170 | 885 |
| **02** | बी.बी.ए. प्रति सेमेस्टर | 665 | 665 | 1330 | 1330 | 825 |

* **बी.एड./एम.एड. कक्षाओं के परीक्षार्थियों को वर्तमान में पूरी परीक्षा फीस का भुगतान करना होगा। एन.सी.टी.ई. से निर्देश प्राप्त होने के पश्चात उनके परीक्षा शुल्क में भी उपरोक्तानुसार कटौती प्रस्तावित होगी।**

- **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 15 फरवरी 2002 मे लिये गये निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क से छूट दिया जावेगा।**
- **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17/11/2009 में पद क्रमांक 08 पर लिये गये निर्णयानुसार – “Blind, Physically Handicapped and dyslexic students appearing for the University Examination are permitted to use an amanuensis and shall be allowed an additional one- hour (60 minutes) time for each paper.**

क्रमशः–03......

- **कोरोना वायरस (COVID-19) से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।**
- **कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएं।**

**अन्य शुल्क जो निम्नानुसार देय होगाः–**

| | | |
|---|---|---|
| ✓ | केंद्र परिवर्तन शुल्क – लिखित | रु. 360/– |
| | – प्रायोगिक | रु. 300/– |
| ✓ | विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन | रु. 120/– |
| ✓ | संकाय परिवर्तन शुल्क | रु. 120/– |
| ✓ | .त्रुटि सुधार शुल्क | रु. 120/– |
| ✓ | श्रेणी सुधार शुल्क – निर्धारित शुल्क से– | दुगुना |
| ✓ | उपाधि शुल्क –सामान्य – | रु. 300/– |
| ✓ | – अर्जेंट – | रु. 700/– |
| ✓ | प्रोव्हिजनल उपाधि शुल्क–सामान्य– | रु. 250/– |
| ✓ | – अर्जेंट – | रु. 300/– |
| ✓ | माइग्रेशन शुल्क –सामान्य – | रु. 250/– |
| ✓ | – अर्जेंट – | रु. 300/– |
| ✓ | –डुप्लीकेट– | रु. 600/– |
| ✓ | डुप्लीकेट अंकसूची शुल्क–सामान्य– | रु. 120/– |
| ✓ | डुप्लीकेट उपाधि शुल्क– | रु. 750/– |

**5. परीक्षार्थियों के लिए निर्देशः–**

- परीक्षार्थियों को कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन करना होगा।
- परीक्षार्थी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन फार्म ऑनलाईन पद्धति से जमा करेंगे।
- परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in ⇨ Quick Links ⇨ Online Exam Form :- Semester Exam August 2020 ⇨ Student Login कर पूर्व में उपयोग की गई अर्थात (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2019) की यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से परीक्षा फार्म भरेंगे।
- परीक्षार्थी https://durg.ucanapply.com/smartexam/public/ के माध्यम से भी परीक्षा आवेदन फार्म भर सकते हैं।
- यदि परीक्षार्थी अपना आई.डी. अथवा पासवर्ड भूल गये हैं तो वे Forget Password के माध्यम से इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
- जिन कक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, उनके संबंधित परीक्षार्थियों को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने हेतु अतिरिक्त अवधि प्रदान की जावेगी।
- **परीक्षार्थियों को अपने अंतिम सेमेस्टर की अंकसूची/इंटरनेट से प्राप्त अंकसूची की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।**
- **परीक्षार्थी की आई.डी. पर ऑनलाईन किए गये परीक्षा आवेदन की एक प्रति Save रहेगी जिसे वे आवश्यकता पड़ने पर कभी भी प्रिंट निकाल सकते हैं।**
- **वर्तमान में कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों पर जमा करना अनिवार्य नहीं है, परिस्थितियां सामान्य होने पर उन्हें परीक्षा आवेदन महाविद्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया जायेगा, अतः परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन की प्रति अपने पास सुरक्षित रखें। यह व्यवस्था केवल वर्तमान सेमेस्टर परीक्षा 2020 हेतु लागू रहेगी।**
- **यदि ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 9713387094/7225940167 पर फोन के माध्यम से अथवा onlinehelp@durguniversity.in पर ई–मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।**

क्रमशः–04......

- **कोरोना वायरस (COVID-19) से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।**
- **कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएं।**

**6. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के लिए निर्देशः–**

- कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र शासन द्वारा जारी गाईडलाईन्स का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।
- परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की एक प्रति संबंधित महाविद्यालय के पोर्टल पर भी अपलोड हो जायेगी। जिसका अवलोकन संबंधित महाविद्यालय द्वारा किया जा सकता है। कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करने की अनिवार्यता में छुट प्रदान की गई है। परिस्थितियां सामान्य होने के पश्चात संबंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन जमा करने के निर्देश प्राप्त होने पर महाविद्यालय छात्रों को परीक्षा आवेदन जमा करने हेतु निर्देशित करेंगे।
- विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने निर्देश प्राप्त होने के पश्चात महाविद्यालय परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म की जांच एवं संबंधित पाठ्यक्रमों के संबंधित अध्यादेश एवं अध्यादेश क्रमांक 170 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र (आवश्यक दस्तावेजों सहित) परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।
- जिन कक्षा/विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित न किए जाएं।
- गोसवारा/नामिनल रोल विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
- यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के पात्रता न होने पर भी उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित कर दिए जाते हैं एवं विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी, परंतु यदि ऐसे अपात्र परीक्षार्थी किसी प्रकार से परीक्षा में शामिल हो जाते हैं तो उनके परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिये जायेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. Q-4/परीक्षा/सेमे./2020 दुर्ग, दिनांक 06.08.2020

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)